दिन– शनिवार | दिनांक– 07 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने बिहार और पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों को मिलाकर नया केंद्र शासित प्रदेश बनाने के दावे को पूरी तरह खारिज किया।

02 केंद्र ने पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, सीएनजी और पीएनजी की किल्लत से जुड़ी खबरों को निराधार बताया। कहा – देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार है।

03. जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा – राज्य में गठित होने वाली नई सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में ही काम करेगी।

04. और, गयाजी स्थित सैन्य अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में अट्ठाईसवें पासिंग आउट परेड का आयोजन। देश को अट्ठाईस महिला समेत दो सौ इक्यासी नये सैन्य अधिकारी मिले।

---

केंद्र सरकार ने बिहार और पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों को मिलाकर नया केंद्र शासित प्रदेश बनाने के दावे को पूरी तरह खारिज किया है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यांनद राय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह दावा पूरी तरह से तथ्यहीन और सच्चाई से परे है। उन्होंने लोगों से ऐसी कोई भी भ्रामक जानकारी साझा नहीं करने की अपील की है।

---

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार है और सप्लाई चेन सामान्य रूप से चल रही है। सरकार ने उन दावों को खारिज किया है, जिसमें कहा जा रहा था कि कुछ स्थानों पर पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, सीनएजी और पीएनजी की किल्लत हो रही है।

–––प्रोमो–––

---

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा है कि राज्य में गठित होने वाली नई सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में ही काम करेगी। श्री झा आज पटना में पार्टी जिलाध्यक्षों के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर

रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्यसभा सदस्य बनने के बाद भी नीतीश कुमार अपना अधिकांश समय बिहार को देंगे।

---बाइट---

श्री झा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार कल आधिकारिक तौर पर जदयू की सदस्यता ग्रहण करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी उनकी भूमिका तय करेगी। श्री झा ने बताया कि निशांत कुमार आज जिलाध्यक्षों की बैठक में भी शामिल हुए।

---बाइट---

इधर, बैठक के बाद विधायक राजेश कुमार मंडल ने बताया कि निशांत कुमार जल्द ही पूरे बिहार का भ्रमण करेंगे। उनकी यात्रा की शुरूआत चंपारण की धरती से होगी।

---बाइट---

---

बिहार में तेजी से बदल रहे राजनीतिक घटना क्रम के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज लोकभवन जाकर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां से मुलाकात की। यह मुलाकात लगभग दस मिनट चली। बताया जा रहा है कि विदाई प्रोटोकॉल के तहत मुख्यमंत्री राज्यपाल से मिलने पहुंचे थे। इधर, नगालैंड के नवनियुक्त राज्यपाल नंदकिशोर यादव ने भी आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की है। वहीं, दूसरी तरफ राष्ट्रीय लोक मोर्चा अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। इस दौरान जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा भी मौजूद थे।

---

नागर उड्डयन मंत्रालय ने सारण जिले के सोनपुर में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे को साइट क्लीयरेंस की स्वीकृति दे दी है। स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी ने बताया कि मंत्रालय के सचिव समीर सिंह के नेतृत्व में उच्च स्तरीय समिति ने कई स्तरों पर विचार–विमर्श और तकनीकी परीक्षण के बाद परियोजना को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि अब परियोजना के अगले चरण की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके तहत आरएफपी जारी की जाएगी, कंसल्टेंट की नियुक्ति होगी और डीपीआर तैयार किया जाएगा।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के अथमलगोला में निर्माणाधीन बख्तियारपुर–ताजपुर पुल परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने इंजीनियरिंग कॉलेज के पास रेल ओवर ब्रिज और श्रीगणेश हाई स्कूल भवन निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को काम तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये।

---

राज्य सरकार ने कहा है कि अवैध होर्डिंग और बैनर लगाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उप मुख्यमंत्री सह–नगर विकास आवास विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सरकारी राजस्व की हानि करने वालों से आर्थिक अपराधियों की तरह निपटा जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी दो सौ चौंसठ नगर निकायों में अभियान चलाकर ग्यारह हजार से अधिक अवैध होर्डिंग के मामलों में कार्रवाई की गयी और बीस लाख रुपये जुर्माने की राशि वसूली गयी है।

---

नेपाल के आम चुनाव में, बालेन्द्र शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी– आरएसपी भारी जीत की तरफ बढ रही है। आरएसपी ने अब तक चौवालीस सीटे जीती है, जबकि पार्टी **छिहत्तर** निर्वाचन क्षेत्रों में आगे चल रही है। नेपाली कांग्रेस को अब तक **छह** सीटों पर ही सफलता मिल सकी है।

---

गयाजी स्थित सैन्य अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी से आज देश को दो सौ इक्यासी नये सैन्य अधिकारी मिले हैं। इनमें अट्‌ठाईस महिलाएं हैं। भारतीय सेना में दक्षिणी कमान के लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने अट्‌ठाईवें पासिंग आउट परेड का निरीक्षण किया। लेफ्टिनेंट जनरल सेठ ने नए कमीशन प्राप्त अधिकारियों से भारतीय सेना के मूल्यों और परंपराओं को बनाए रखने का आग्रह किया। ब्यौरा हमारे संवाददाता से..

–––रिपोर्ट–––

सभी ऑफिसर्स कैडेट के लिए आज का दिन काफी ऐतिहासिक रहा। साहस और अनुशासन के बीच बेहतर कदमताल के साथ परेड में कौशल प्रदर्शित करते हुए कैडेट्स ने समारोह में उपस्थित दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। बड़ी संख्या में पासिंग आउट परेड देखने के लिए कैडेट के परिजन ओटीए गयाजी पहुंचे हुए थे जैसे ही परेड संपन्न हुआ कैडेट्स और उनके परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू आ गए। कमीशन प्राप्त करने वाले कुछ कैडेट ने आज के दिन को अपने जीवन का सबसे खुबसूरत पल बताया।

–––वॉक्सपॉप–आर्मी––

समारोह में प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी कैडेट्स को सम्मानित किया गया। आकाशवाणी समाचार के लिए गयाजी से धर्मवीर भारती।

---

आज जन औषधि दिवस है। जेनेरिक दवाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए यह दिन मनाया जाता है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने इस पहल का समर्थन करने के लिए पूरे देश में सप्ताह भर की गतिविधियाँ आयोजित की हैं।

———रिपोर्ट———

प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के अंतर्गत बाजार की तुलना में 50 से 80 प्रतिशत कम कीमत पर दवाइयां उपलब्ध कराई जाती है। यह उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए केवल प्रमाणित निर्माताओं से खरीदी गई दवाइयां प्रदान करती है। इस पहल के तहत शुरू की गई प्रमुख पहलों में से एक सुविधा सेनेटरी नैपकिन है। देश के सभी जिलों में लगभग 18 हजार जन औषधि केंद्र चालू हैं और इस योजना ने स्वरोजगार के लिए आशाजनक अवसर पैदा किया है। समाचार कक्ष से सत्यम कुमार।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना से लाभान्वित लोगों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि इस परियोजना से अनगिनत परिवारों के इलाज़ के ख़र्च में बचत हुई है। इधर, जन औषधि दिवस पर पटना समेत जिला मुख्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये।

---

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर आज प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मुंगेर में जिला प्रशासन की ओर से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं योजना के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सुपौल के वीरपुर में एसएसबी की ओर से फिट इंडिया मूवमेंट के तहत बालिकाओं के लिए पांच किलोमीटर दौड़ का आयोजन किया गया। बिहार ग्रामीण बैंक की महिला अधिकारियों द्वारा पटना में सांस्कृतिक कार्यक्रम सह–महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्‌घाटन बिहार ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष मुकुल सहाय ने किया।

---

पूरबा हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई है। चौंतीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ राजगीर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि न्यूनतम तापमान में क्रमिक रूप से बढ़ोतरी होगी।

———बाइट———

इधर, विभाग ने कहा है कि नौ मार्च से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से ग्यारह मार्च तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश हो सकती है। इस दौरान मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की सम्भावना है।

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने सीतामढ़ी के सुरसंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी कृष्णा राम के सीतामढ़ी, पटना और पूर्वी चंपारण जिले के पांच ठिकानों पर छापेमारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आय से अधिक संपत्ति के मामले में ये छापेमारी की गयी।

---

किशनगंज जिले के बहादुरगंज थाना क्षेत्र में एनएच– तीन सौ सत्ताईस पर एक चार पहिया वाहन और मोटरसाईकिल के बीच हुई टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गयी, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केंद्र सरकार ने बिहार और पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों को मिलाकर नया केंद्र शासित प्रदेश बनाने के दावे को पूरी तरह खारिज किया।

02 केंद्र ने पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, सीएनजी और पीएनजी की किल्लत से जुड़ी खबरों को निराधार बताया। कहा – देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार है।

03. जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा – राज्य में गठित होने वाली नई सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में ही काम करेगी।

04. और, गयाजी स्थित सैन्य अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में अट्ठाईसवें पासिंग आउट परेड का आयोजन। देश को अट्ठाईस महिला समेत दो सौ इक्यासी नये सैन्य अधिकारी मिले।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।